# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर–273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विष्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांकः 28.11.2025

## प्रकाशनार्थ

### महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर 'फुले' मूवी दिखाई गई, प्रशिक्षुओं को किया गया जागरूक।

**दिनांक 28.11.2025 गोरखपुर। महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।** फुले, जिन्होंने महिला शिक्षा, सामाजिक समानता और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया, उनका निधन 28 नवंबर 1890 को हुआ था। देशभर में इस दिन उनके कार्यों को स्मरण किया जाता है।

इसी अवसर पर बी.एड. विभाग में फुले के जीवन पर आधारित 'फुले' मूवी का प्रदर्शन किया गया। मूवी के माध्यम से प्रशिक्षुओं को उनके सामाजिक सुधार कार्यों, विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुभाष चन्द्र ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा फुले के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए जो योगदान दिया उसका परिणाम है कि आज हमारे समाज में बालिकाएं सफ़लता के नित नए आयाम गढ़ रही हैं। मूवी देखने के बाद प्रशिक्षुओं ने दलित, पिछड़े वर्ग और महिलाओं की शिक्षा हेतु फुले के प्रयासों की सराहना की तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

**इस अवसर पर विभाग की प्रभारी प्रो.(डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष चन्द्र, श्री राकेश कुमार सिंह, सहित बी.एड. के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।**

प्रो. **(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह**
**प्राचार्य**